प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 21.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली् के भारत मंडपम में भगवान महावीर के निर्वाण महोत्सव का किया उद्घाटन, कहा भारत दुनियाभर में सत्य और अहिंसा को दे रहा बढ़ावा।

2- रांची में उलगुलान न्याय महारैली में इंडी गठबंधन का शक्ति प्रदर्शन, गठबंधन का झारखंड से होगा चुनावी शंखनाद।

3- रांची के मोराबादी मैदान में रन फॉर डेमोक्रेसी मिनी मैराथन का आयोजन, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने विजेताओं को किया सम्मानित।

4- आईपीएल क्रिकेट में कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से कोलकाता में साढ़े तीन बजे से।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली् के भारत मंडपम में भगवान महावीर के दो हजार पांच सौ पचासवें निर्वाण महोत्स्व का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, विश्व की प्राचीनतम जीवंत सभ्यता तो है ही, यह मानवता की आश्रय–स्थली भी है। उन्हों्ने कहा कि भारतीय चिंतन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि सर्वजनहिताय होता है। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत पूरे आत्ममविश्वाकस के साथ दुनियाभर में सत्य और अहिंसा को बढावा दे रहा है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भगवान महावीर का दर्शन आज भी प्रासंगिक है।

*******************

झामुमो की मेजबानी में इंडी गठबंधन की ओर से रांची के प्रभाततारा मैदान में आज उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन हो रहा है। इसमें गठबंधन के शीर्ष 12 राष्ट्रीय नेता जनसभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप नेत्री सुनीता केजरीवाल, झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सहित कई बड़े नेता कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इंडी गठबंधन इस रैली के माध्यम से झारखंड में चुनावी शंखनाद करेगा। महारैली को 28 दलों का समर्थन प्राप्त है । आज सुबह शिवसेना की महाराष्ट्र से राज्यसभा सांसद प्रियंका चर्तुवेदी रांची पहुंच चुकी हैं।

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने पलामू संसदीय सीट से कामेश्वर बैठा और सिंहभूम से परदेसी लाल मुंडा को अपना उम्मीदवार बनाया है। कामेश्वर बैठा कुछ दिन पहले ही राजद से इस्तीफा दे कर बसपा की सदस्यता ली है। 2009 में जेल में रहते हुए उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की टिकट से लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी।

*******************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की इस वर्ष 16 जून की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–नेट के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए की वेबसाइट पर पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है। पंजीकरण 10 मई तक किया जा सकेगा और शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 12 मई है। नेट परीक्षा उत्तीर्ण होने पर जूनियर रिसर्च फैलोशिप दी जाती है और सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति की पात्रता हासिल होती है। इसी परीक्षा के आधार पर तिरासी विषयों में पी.एच.डी. में दाखिला मिलता है। इस परीक्षा के लिए केवल एक आवेदन भरने की अनुमति होगी।

*******************

मैट्रिक की परीक्षा में चतरा के गिद्धौर प्रखंड के पांडे बागी गांव की ज्योत्सना ज्योति ने निन्यानबे दशमलव दो प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

रांची के मोराबादी मैदान में आज स्विप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया। मौके पर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी और उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा समेत अन्य वरीय अधिकारियों ने झंडा दिखाकर मिनी मैराथन की शुरुआत की। मिनी मैराथन में पुरुष वर्ग में पवन सिंह जबकि महिला वर्ग में ममता कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और जिला निर्वाचन पदाधिकारी अन्य अधिकारियों ने विजेताओं को ट्रॉफी सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया।

******************

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बोकारो जिला प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 'जिले के 796 गांवों में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी डेढ़ लाख से भी ज्यादा दीदीओं ने वोटिंग पर मीटिंग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं, जिले के एक हजार पांच सौ साठ विद्यालयों में भी 'वोटिंग पर पीटीएम ' का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के '92 हजार से भी ज्यादा अभिभावकों' ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मतदाता जागरूकता को लेकर इस तरह के कई व्यापक आयोजन किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि कोई भी मतदाता छूटे नहीं... को लक्ष्य बनाकर स्वीप कोषांग काम कर रहा है।

******************

धनबाद जिले के उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने सभी पीठासीन और प्रथम मतदान पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण लेने, मन में कोई भी संशय नहीं रखने और यदि कोई प्रश्न हो तो ट्रेनर से वार्तालाप करके उसका समाधान करने को कहा है। साथ ही समय पर मॉक पोल शुरू करने और मॉक पोल के बाद डाटा जरूर डिलीट करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि शाम पांच बजे से पूर्व जितने भी मतदाता मतदान के लिए लाइन में खड़े रहेंगे, उन्हें पीठासीन पदाधिकारी पर्ची निर्गत कर अवश्य मतदान करने देंगे।

******************

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस राजेश बिंदल ने कहा है कि लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और संवैधानिक लक्ष्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए ज्यूडिशियल सिस्टम में जनता के भरोसे और विश्वास को कायम रखना जरूरी है। ज्यूडिशियल सिस्टम आधुनिक समय की चुनौतियों का सामना कर रही है और यह समय की मांग है। न्यायिक व्यवस्था को इन चुनौतियों का तेजी जवाब देने के लिए सक्रिय होना चाहिए। श्री बिंदल कल रांची के धुर्वा स्थित ज्यूडिशयल एकेडमी में राज्य स्तरीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सम्मेलन का विषय ज्यूडिशियल सिस्टम में लोगों के भरोसे और विश्वास का संरक्षण था।

******************

चर्चित फिल्म अभिनेता पंकज त्रिपाठी के बहनोई 43 वर्षीय राजेश तिवारी उर्फ मुन्ना की मौत कल शाम धनबाद के निरसा चौक के पास जीटी रोड पर सड़क दुर्घटना में हो गई। हादसे में पंकज की बहन सविता तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गईं हैं। उन्हें इलाज के लिए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया, जहां से कोलकाता रेफर कर दिया गया।

******************

आईपीएल क्रिकेट में आज कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से कोलकाता में होगा। यह मैच दोपहर साढ़े तीन बजे से खेला जाएगा। वहीं, एक अन्य मुकाबला चंडीगढ में पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच शाम साढ़े सात बजे से होगा। आईपीएल क्रिकेट में कल सनराईजर्स हैदराबाद ने डेल्ही कैपिटल्स को सड़सठ रनों से हरा दिया।

******************

- गोड्डा जिले के मेहरमा प्रखंड के बलवड्डा थाना क्षेत्र के धनकुडिया गांव में कल आग लग जाने से आठ घर जलकर राख हो गए।. बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कुएं में पंप सेट लगाकर आग पर काबू पाया। वहीं बसंतराय थाना क्षेत्र के जमनीकोला पंचायत के सरायकित्ता गांव में भी कल 6 घर जलकर राख हो गए।
- गुमला में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी कोषांगों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई। उपायुक्त ने गर्मी की स्थिति को देखते हुए सभी मतदान केंद्रों में नींबू पानी की व्यवस्था रखने तथा प्रत्येक मतदान केंद्रों के बाहर शेड बनाने निर्देश दिया।
- दिव्यांग मैनेज्ड बूथ के तौर पर सिंहभूम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के आदित्यपुर –1 स्थित न्यू कॉलोनी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ईस्ट ब्लॉक, कमरा संख्या –2 को चिन्हित किया गया है। दिव्यांग मतदानकर्मियों द्वारा संचालित बूथ में मतदान कार्य कराने के लिए चिन्हित दिव्यांग सरकारी कर्मियों के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी – सह– उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया।

******समाप्त***********